सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 81 | इंदौर, मंगलवार 26 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

सितंबर में बारिश के दो दौर ने बदली तस्वीर

◆ प्रदेश में अब सामान्य से सिर्फ 0.2% बारिश कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। सितंबर में आए बारिश के दो दौर ने मध्यप्रदेश में आंकड़े बदल दिए हैं। इस साल अगस्त सूखा गया। सितंबर में बारिश का पहला दौर आने के पहले तक प्रदेश के 29 जिले सामान्य से कम बारिश की कैटेगरी में थे। अब यह आंकड़ा घटकर 6 जिलों तक सिमट गया है। इस 6 सितंबर को बारिश का पहला दौर आया था। दूसरा दौर 21 सितंबर से शुरू हुआ था।

पूरे मध्यप्रदेश की बात करें तो 1 जून से अब तक 36.75 इंच बारिश हो चुकी है। टढ में औसत बारिश का आंकड़ा 36.81 इंच है। इस हिसाब से 0.06 इंच यानी 0.2% बारिश ही कम है। अच्छी बात यह है कि भोपाल समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में अभी दो-तीन दिन कहीं हल्की और कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है। बंगाल की खाड़ी में मानसूनी सिस्टम बनने की संभावनाओं के चलते 28 सितंबर से बारिश का एक दौर और आ सकता है। सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 31 जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक साइक्लोनिक सकुर्लेशन और दो ट्रफ लाइन गुजरने से बारिश का दौर जारी रहेगा।

पश्चिमी हिस्से में 3% बारिश ज्यादा

मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में 1 जून से अब तक 4% कम और पश्चिमी हिस्से में 3% अधिक बारिश हुई है।

नरसिंहपुर में आंकड़ा 51 इंच से अधिक है। यहां सबसे अधिक बारिश हुई है। झाबुआ, बुरहानपुर, खरगोन, नरसिंहपुर, सिवनी, निवाड़ी, रतलाम, भिंड, उज्जैन, राजगढ़, धार, अलीराजपुर, बड़वानी, खंडवा, कटनी, छिंदवाड़ा, देवास, श्योपुरकलां, हरदा, बैतूल और अनूपपुर जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। जबलपुर, सीहोर, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, शिवपुरी, दतिया, सागर, टीकमगढ़, नीमच, आगर-मालवा, मुरैना और शहडोल जिले में सामान्य से 90% से अधिक बारिश हो चुकी है।

इन जिलों में कम बारिश

सतना, अशोकनगर, रीवा और सीधी जिलों में सबसे कम बारिश हुई है।

भिंड में 2 दिन में 2 जगह पुलिस पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भिंड। भिंड जिले में दो दिन में अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस जवानों के साथ मारपीट की घटना हुई। रौन थाना पुलिस रूरूआ गांव में सिविल ड्रेस में वारंटी पकड़ने पहुंची, यहां दो जवानों की महिलाओं ने मारपीट कर दी। इधर भिंड के कोतवाली थाना पुलिस पर बीती रात स्वतंत्रत नगर में पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया। दरअसल मामला यह हैकि उमरी थाना क्षेत्र में लूट के आरोप में दो हजार का ईनामी बदमाश सौरभ चौहान पर रौन थाना में भी अपराध दर्ज है। ये बदमाश की तलाश रौन व उमरी पुलिस को बनी हुई थी। इधर सौरभ चौहान अपने नाना के समरथ सिंह के घर मौसी के बेटे के बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया। ये खबर पुलिस को मुखबिर ने दे दी। ये जानकारी लगते ही रौन थाना में पदस्थ सुनील और राहुल सिंह तोमर दोनों जवान पहले पहुंच गए। ये दोनों जवान आरोपी को पकड़े के लिए अंदर चले गए।

मांगें नहीं मानने पर भड़के गुर्जर समाज के लोग

चक्काजाम के बाद कलेक्टर, कमिश्नर समेत अफसरों की गाड़ियां फोड़ीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में गुर्जर समाज के लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। पहले फूलबाग पर चक्काजाम किया। जमकर पत्थरबाजी की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, एसडीएम समेत अन्य अफसरों की गाड़ियां भी फोड़ दीं। कलेक्ट्रेट में घुसने पर जो सामने आया, उसे पीटा। पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोली छोड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। यहां हालात तनावपूर्ण हैं।

सोमवार को फूलबाग मैदान पर गुर्जर पंचायत के बैनर तले गुर्जर महाकुंभ का आयोजन किया गया था। इसमें अंचल के सभी जिले सहित अन्य प्रदेशों से गुर्जर समाज के लोग आए थे। इसमें पांच प्रमुख मांगों को रखा गया था। सबसे बड़ी मांग गुर्जर सम्राट मिहिर भोज को लेकर है। असल में, ग्वालियर में पिछले दो साल से चिरवाई नाका पर लगी सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को विवाद के चलते टीन शेड से कवर कर दिया गया था। यह कोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा किया गया था। इसी को लेकर गुर्जर समुदाय में आक्रोश है। वह लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

◆ पहले फूलबाग पर चक्काजाम और तोड़फोड़

दोपहर बाद तक जब कोई प्रशासनिक अधिकारी के फूलबाग पर गुर्जर महाकुंभ में बातचीत करने नहीं पहुंचा, तो समाज के लोग आक्रोशित हो गए। नाराज होकर चक्काजाम कर दिया। इसी समय ड्यूटी पर तैनात सिरोल थाने के पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोकना चाहा, तो थाना की गाड़ी पर हमला कर दिया। पत्थर फेंककर गाड़ी के कांच तोड़ दिए। उत्पात बढ़ता देख फोर्स बुलाया गया। पुलिस ने किसी तरह हालात संभाला। सीएसपी नागेन्द्र सिंह ने भी पहुंचकर आक्रोशित युवाओं को समझाया। घटना के बाद वहां फोर्स और बढ़ा दिया था।

◆ कलेक्ट्रेट पहुंचकर बेकाबू हो गई भीड़-

आक्रोशित गुर्जर समुदाय के लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां उन्हें नीचे ही गेट पर रोक लिया गया। इससे भीड़ बेकाबू हो गई। बैरिकेड्स तोड़कर भीड़ कलेक्ट्रेट में ऊपर पहुंच गई। यहां जो रास्ते में मिला, उसे पीटा। पुलिस जवान रोकने आए, तो उनमें चांटे मारे। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने की धमकी दी, तो गुर्जर युवाओं ने कलेक्ट्रेट में खड़े अफसरों और वहां आए लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पत्थरबाजी में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस बल कम था। इमरजेंसी में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद उपद्रवी तितर-बितर हो गए।

◆ पुलिस फोर्स तैनात, तनाव का माहौल-

घटना के बाद से कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस बल तैनात है। यहां तनाव का माहौल है। सूचना पर एसएसपी राजेश सिंह चंदेल, एएसपी ऋषिकेश मीणा समेत अन्य अधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंच गए। पुलिस अब उपद्रवियों की पहचान कर रही है।

◆ विधानसभा चुनाव से पहले गुर्जर समाज का शक्ति प्रदर्शन

सोमवार को इसमें आठ से 10 राज्यों के गुर्जर समुदाय के लोग एकत्रित हुए। मंच से गुर्जर समुदाय भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों को चेतावनी दी। कहा गया कि प्रदेश में गुर्जर समुदाय की जनसंख्या को देखते हुए गुर्जर नेताओं को टिकट दिए जाएं। अन्यथा गुर्जर समाज उनके खिलाफ प्रचार करेगा। ग्वालियर-चंबल अंचल की कई विधानसभा सीट ऐसी हैं, जहां गुर्जर वोट बैंक हार जीत में निर्णायक होता है।

झांकी मार्ग पर पैच वर्क का काम शुरू

खतरनाक मकान की अभी तक नहीं बनी सूची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अनंत चतुर्दशी के चल समारोह के झांकी मार्ग पर सडक़ के गड्ढे भरने के लिए पैच वर्क का कार्य आज सुबह से शुरू कर दिया गया । इसके साथ ही इस मार्ग के खतरनाक मकान की सूची अब तक नहीं बन सकी है । कल अधिकारियों की टीम के द्वारा इस चल समारोह के मार्ग का निरीक्षण किया गया था । इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर सडक़ पर बहुत सारे गड्ढे हैं ।

चल समारोह के पहले ही सडक़ के गड्ढे बंद किए जाए

इस गड्ढे में चल समारोह में शामिल झांकी की गाड़ी अटक सकती है, फंस सकती है । इसे देखते हुए यह जरूरी है कि चल समारोह के पहले ही सडक़ के गड्ढे बंद किए जाएं । इसे देखते हुए नगर निगम के द्वारा अधिकृत किए गए ठेकेदार की टीम के द्वारा सुबह से चल समारोह के मार्ग की सडक़ के पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है ।

खतरनाक मकानों की नहीं बन पाई सूची

इस चल समारोह के मार्ग पर जो खतरनाक मकान है, उनकी अभी तक सूची नहीं बन सकी है । यह सूची भवन अधिकारी और रिमूवल अधिकारी के पास भी नहीं है । हमेशा इस तरह के खतरनाक मकान पर बड़ा बोर्ड लगाया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि इस मकान के नीचे और आसपास कोई भी आकर खड़ा नहीं हो । इस बार इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है ।

हेलोजन लगाने का काम शुरू

चल समारोह के मार्ग पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था के लिए हेलोजन बल्ब लगाने का काम भी आज सुबह से शुरू कर दिया गया । इस पूरे मार्ग पर दूधिया रोशनी बिखरने के लिए बड़ी संख्या में बल्ब लगाए जाना है । यह काम आज से शुरू किया गया है जो कि कल रात तक चलेगा ।

भगवान गणेश को अर्पित किए 56 भोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गणेश उत्सव की धूम पूरे शहर में देखने को मिल रही है। शहर का हर आम और खास अपने अपने स्तर पर गणेश जी सेवा, पूजा और आराधना में लगा हुआ है। इसी कड़ी राधिका पैलेस रहवासी संघ गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया जा रहा है।

रहवासी समिति के द्वारा महाआरती का भव्य आयोजन रखा गया था, जिसमें सभी रहवासियों ने भक्तिभाव में लीन होकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भगवान गजानंद महाराज की स्तुति की और समस्त रहवासियों ने अपने-अपने घर से अनेक स्वादिष्ट व्यजंन बनाकर भगवान 56 भोग की प्रसादी का महाभोग लगाया गया। महाआरती में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती संगीता जोशी, महेश जोशी के साथ रहवासी संघ के अध्यक्ष रूपेश शर्मा, उपाध्यक्ष सारिका जोशी, सचिव राहुल पटेल सहित सम्माननीय सदस्य अशोक राठौड़, राजेन्द्र राठौड़, संजय गोयल, अभिषेक बरुवा, ठाकुरमल बैरवा, अभिषेक सिंह, संजीव झा, हेमंत सरवटे, अशोक मित्तल, ओमी सिसोदिया, आयुष दाने सहित गणेश उत्सव समिति की सभी मातृशक्ति सदस्य अनिता शर्मा, साधना पटेल, राज्यलक्ष्मी बरुवा, अनिता बैरवा, प्रतिभा सरवटे, अमृता मित्तल , उर्मिला राठौड़, विधी सिसोदिया के साथ कॉलोनी के सभी सदस्यों ने खूबसूरत दिये/थालियां सजाकर बड़े धूमधाम से महाआरती की। महाआरती के पश्चात रहवासी संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान किया गया. रहवासी समिति द्वारा पधारें सभी गणमान्य रहवासियों का भी सम्मान किया गया।

इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को

पांच स्टेशन सजकर हो रहे तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 30 सितंबर को इंदौर मेट्रो ट्रेन का गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के बीच 5.9 किलोमीटर हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रेन की रफ्तार 10 से 15 किमी प्रतिघंटा रहेगी। डेढ़ से दो हजार लोगों को भी इसे देखने का मौका मिलेगा। ट्रायल रन के रूट पर मेट्रो के पांचों स्टेशनों को तैयार किया जा रहा है।

मेट्रो को डायनामिक टेस्ट के तहत 13 सितंबर को वायडक्ट पर ले जाया जा चुका है। अब ट्रायल रन के पूर्व दो से तीन बार मेट्रो को ट्रायल रन रूट पर चलाया जाएगा। ट्रायल रन के मौके मुख्यमंत्री पीथमपुर से राऊ होते हुए राजवाड़ा, लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) की घोषणा भी करेंगे।

शहरी रूट होगा मेट्रो का हिस्सा

दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंसल्टेंट (डीएमआरसी) द्वारा इसका सर्वे किया जा चुका है। पीथमपुर से राऊ तक आरआरटीएस का निर्माण किया जाएगा। राऊ से इंदौर में राजवाड़ा होते हुए लवकुश चौराहे तक इंदौर मेट्रो का हिस्सा होगा। इसके बाद लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक आरआरटीएस का रूट होगा।

दिखने लगा स्वरूप

गांधीनगर स्टेशन व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है। गांधीनगर स्टेशन पर एक एस्केलेटर, दो सीढ़ियां, आगम और निर्गम द्वार तैयार हो गए हैं। रंगरोगन, पालिशिंग व सफाई का काम किया जा रहा है। मेट्रो के स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम पूर्ण हो गया है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां

इंदौर। अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में रविवार 8 अक्टूबर को परिवहन नगर स्थित आनंद हाईस्कूल भवन पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन किए जाएंगे। महासंघ की बैठक वीर वीरेन्द्र गार्डन पर संपन्न हुई, जिसमें संरक्षक किशोर गोयल ने महोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। अध्यक्ष रत्नेश गोयल एवं महामंत्री संजय गोयनका ने बताया कि जयंती महोत्सव के तहत अगले रविवार 15 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे रणजीत हनुमान मंदिर पर चोला समर्पित करने के बाद मंदिर से भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा।

कटाक्ष

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को प्रतिनिधित्व देने के लिए कमिश्नर को दिया ज्ञापन

पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए गठित की गई समिति में संगठन को नहीं मिला स्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पत्रकार सुरक्षा कानून के प्रारूप को तेयार करने के लिए प्रदेश की शिवराज सरकार ने जो 5 सदस्यीय टीम बनाई है, उसमें मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को प्रतिनिधित्व नहीं मिला, जो उचित नहीं है। इसी मांग को लेकर आज मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल इंदौर कमिश्नर मालसिंह भयडिया से मिला और उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा।**

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संभागीय अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला और जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार ने किया। साथ में संभागीय उपाध्यक्ष गिरीश कानूनगो, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण जोशी, राजेंद्र सिंह और सचिव रश्मि किंगरानी थे। प्रतिनिधिमंडल ने कमिशनर को धन्यवाद देने के साथ स्मरण दिलाया कि पिछले दिनो प्रदेश सरकार ने पत्रकारों के हित में जो घोषणाएं की थी। उसका मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने न केवल प्रांतव्यापी स्वागत किया वरन सरकार के प्रति आभार भी माना। लेकिन यह जानकर दुखः हुआ कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने जो 5 सदस्यीय समिति गठित की उसमें मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को दरकिनार किया गया है। जबकि यह प्रदेश के पत्रकारों का सबसे बड़ा और पुराना संगठन है। जिसके प्रदेश भर मे हजारों सदस्य हैं।

करणी सेना की शोभायात्रा 1 अक्टूबर को

इंदौर। करणी सेना एक अक्टूबर को करणी सेना पिगडंबर में महारैली निकालने जा रही है। शोभा यात्रा की शुरूआत पिगडंबर से होगी जिसका समापन ग्राम पालदा के शोर्य स्थल पर किया जाएगा । इस शोभा यात्रा में बेडबाजे घोड़े बग्गी भी शामिल रहेगें। इस रैली ओर शोभा यात्रा के माध्यम से क्षत्रिय जन चेतना का अभियान भी करणी सेना द्वारा चलाया जाएगा। करणी सेना की जनचेतना रैली में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना भी उपस्थित रहेगे । उनके साथ ही करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह भी उपस्थित होंगे। सभा का समापन पानदा में होगा जहां पर एक सभा भी आयोजित की गई है ,जिसको केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह संबोधित करेंगे । इस अवसर पर त्रिनेत्र भैरव मंदिर का भूमि पूजन भी किया जाएगा।

श्री महावीरजी स्टेशन पर ट्रेन स्टापेज शुरू, जैन समाज में हर्ष

इंदौर। दिगम्बर जैन समाज का महत्वपूर्ण व आस्था का केन्द्र श्री महावीर जी (राजस्थान) में इंदौर से नई दिल्ली चलने वाली ट्रेन अब पुन: महावीर जी रोकने लगेगी , यह ट्रेन शुरू से ही श्री महावीर जी रुकती थी ,कोविड के समय इसे बंद किया था । दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल ने बताया कि विगत कई समय से इंदौर व आसपास के कई शहर के जैन धर्मावलम्बियों की आवश्यकता को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका इस हेतु सोशल ग्रुप के साथियों के माध्यम से हर स्तर पर प्रयास कर रहे थे । इंदौर सांसद शंकर लालवानी जी द्वारा इस हेतु रेलवे को कई पत्र के माध्यम से इस हेतु सक्रिय प्रयास किए गये ।दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी ,महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल ,इंदौर रीजन अध्यक्ष वितुल अजमेरा ,वरिष्ठ समाज सेवी हंसमुख जैन गांधी , कमलेश कासलीवाल,सुशील पण्ड्या ,राजेंद्र सोनी ,सतीश जैन इलाहाबाद सहित ,विमल अजमेरा ,कीर्ति पण्ड्या ,मनोहर झंझरी ,ने इंदौर सांसद शंकर लालवानी व कोटा ग्रुप के कपिल जैन जिन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के माध्यम से भी विशेष प्रयास किया।

मामूली बारिश, हवा और तकनीकी खराबी से हो गई बत्ती गुल

◆ देर रात से सुबह तक बिजली कंपनी के पास आई 720 शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । रविवार दोपहर बाद हुई मामूली बारिश इसके साथ चली तेज हवा के कारण बिजली कंपनी के कामकाज में तकनीकी खराबी आ गई । इसके चलते हुए कई क्षेत्रों में बत्ती गुल हो गई । कंपनी के पास रविवार की शाम से सोमवार तक बत्ती गुल होने की 720 शिकायतें आई है ।

रविवार दोपहर बाद मौसम ने एकदम करवट बदली थी । आसमान में बादल घिर आए थे और फिर बारिश शुरू हो गई थी । यह बारिश कोई बहुत जोरदार बारिश नहीं हुई थी । मामूली बारिश ही थी लेकिन इस बारिश के साथ में हवा भी चली थी । इसने मौसम को खुशहाल बना दिया था । इस खुशहाली के बीच में इस बारिश और हवा के कारण बिजली कंपनी के कार्य की व्यवस्था में व्यवधान पैदा हो गया ।

शहर की कई कॉलोनी में कल शाम से बिजली का आना और जाना शुरू हो गया । बार-बार बिजली जा रही थी और फिर थोड़ी देर बाद आ रही थी । यह सिलसिला रात भर चलता रहा । एरोड्रम रोड की कॉलोनी में सबसे ज्यादा शिकायत सामने आई है । वहां पर कई कॉलोनी में तो कल शाम से जो बिजली गई तो वह देर रात को ही लौट सकी ।

इसके अलावा भी शहर के अन्य क्षेत्रों में भी लोग बिजली की आवाजाही से हैरान परेशान होते रहे । मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि मामूली बारिश और तेज हवा के कारण बहुत सारे फीडर में तकनीकी खराबी आ गई थी । इस स्थिति में सात फीडर में ज्यादा समस्या सामने आई । इसके चलते हुए बिजली गुल होने जैसी स्थिति बन गई । बिजली कंपनी के पास कल शाम से लेकर आज सुबह तक की अवधि में बत्ती गुल होने की 720 शिकायत दर्ज हुई है । इन शिकायतों के समाधान की दिशा में कार्य अभी भी जारी है । जिन फीडर में खराबी आई थी उनमें से कुछ की खराबी को सुधार लिया गया है और कुछ की खराबी को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है ।

एक अक्टूबर को श्रमदान और स्वच्छता का चलेगा अभियान

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। इंदौर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे नागरिकों के नेतृत्व में स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का अभियान चलाया जायेगा। जिले में सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की गई है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कलेक्टर कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता का अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसी तरह के कार्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों और अन्य क्षेत्रों में भी किया जाये। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टर कार्यालय में संपन्न बैठक में दिये गये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं से जुड़ी इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं बरती जाये। समयसीमा में समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो।

पीएम ने शिवराज के नाम और काम से कन्नी काटी

भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ को कांग्रेस ने बताया जुमले का महाकुंभ, सुरजेवाला ने पांच पॉइंट में किया पलटवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। जंबूरी मैदान हुए भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया है। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- भाजपा का कार्यकर्ता महाकुंभ जुमले का महाकुंभ निकला।

सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने शिवराज के नाम और काम दोनों से कन्नी काट ली। उन्होंने कहा कि मोदी पिछले 18 साल में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एक स्कीम का भी नाम नहीं गिना पाए। करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ता महाकुंभ फ्लॉप शो साबित हुआ। 10 लाख कार्यकर्ता जुटाने के लिए वाहन और सरकारी बसें लगा दीं। बावजूद कार्यकर्ता तो दूर, 50 हजार लोग भी जमा नहीं कर पाए।

सुरजेवाला ने कहा- कार्यक्रम में कई चौंकाने वाली बातें हुईं। प्रधानमंत्री ने शिवराज के नाम और काम दोनों से कन्नी काट ली। पीएम ने 18 साल में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एक स्कीम की भी चर्चा करना वाजिब नहीं समझा। क्योंकि प्रधानमंत्री जानते हैं कि शिवराज सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। आयोजन के मंच पर दो झूठे नेता एक-दूसरे के झूठ पर तालियां बजाते रहे। मुंगेरीलाल के झूठे हसीन सपने देखते रहे। किसी तरह से मध्य प्रदेश की समझदार जनता भ्रमित हो जाए। मध्य प्रदेश के 8.5 करोड़ लोग प्रधानमंत्री के भाषणों के झूठ और शिवराज सरकार की जनता से लूट का जवाब जानना चाहते हैं। उसके पांच पहलू लेकर मैं आया हूं।

युवाओं ने 18 साल में भविष्य बर्बाद होते देखा- सुरजेवाला ने कहा- प्रधानमंत्री ने युवा वोटर्स की चर्चा की। युवा वोटर्स ने 18 साल की भाजपा सरकार में क्या देखा? प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार वोट दे रहे लोगों ने मध्य प्रदेश में तरक्की देखी, लेकिन सच क्या है? युवाओं ने पिछले 18 - 20 साल में व्यापम घोटाले में 23 प्रकार की भर्ती परीक्षा में एक करोड़ नौजवानों का भविष्य बर्बाद होते देखा। लाखों युवाओं ने पटवारी भर्ती परीक्षा में 15 -15 लाख का पेपर बिकते देखा। डीमैट और नर्सिंग कॉलेज घोटाले में 3 साल से जहां पेपर नहीं हुए, भविष्य बर्बाद होते देखा। शिक्षा की बबार्दी का यह मंजर भी देखा कि 18 साल के बाद भाजपा शासन के 18 साल के बाद 26 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं। 29 हजार स्कूलों पर ही ताला लगाकर बंद कर दिए गए।

62 लाख उज्जवला बहनों के घर में धुआं भर दिया- सुरजेवाला ने कहा- प्रधानमंत्री उज्ज्वला बहनों की चर्चा तो करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि मध्य प्रदेश में 82 लाख उज्ज्वला बहनों में से 44 लाख ने पिछले साल मोदी और भाजपा निर्मित महंगाई के चलते एक सिलेंडर भी नहीं भरवा पाया। 18 लाख उज्ज्वला बहनें ऐसी हैं, जिन्होंने महंगाई के चलते केवल एक सिलेंडर भरवाया। यानी 82 में से 62 लाख उज्ज्वल बहनों के घरों में धुआं भरकर आप उज्ज्वला बहनों की बात करते हैं।

आयुष्मान योजना में मुर्दों का इलाज कर दिया- सुरजेवाला ने कहा- आयुष्मान योजना की प्रधानमंत्री ने चर्चा की। वो शायद भी कैग की रिपोर्ट भी पढ़ लेते। सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया कि कोरोना के दौरान शिवराज के सरकार ने मुर्दों तक का इलाज कर दिया। किसानों की आमदनी की चर्चा हुई, लेकिन किसानों को आमदनी में बढ़ोत्तरी तो नहीं हुई, बल्कि दोगुना दर्द बढ़ गया। गेहूं की चर्चा हुई। काश! मध्य प्रदेश से आने वाले कृषि मंत्री से ही पीएम चर्चा कर लेते।

पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ऑन एग्रीकल्चर ने कहा कि मध्य प्रदेश देश के चार राज्यों में से एक है, जहां 2015-16 के मुकाबले किसानों की आय कम हो गई। मध्य प्रदेश में अब किसानों की आय 23 रुपए प्रतिदिन है। यह हम नहीं, उनकी सरकार ही कह रही है।

अर्बन नक्सल का बयान- शिवराज सरकार की तरफ था पीएम का इशारा- पीएम द्वारा अर्बन नक्सल के बयान पर सुरजेवाला ने कहा - मध्य प्रदेश के भविष्य को ही शिवराज सरकार ने ठेकेदारों से मिलकर भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दिया। काश! प्रधानमंत्री महाकाल के ठेके की बात कर लेते। जहां मूर्तियां हवा में गिर रही हैं। जिन्होंने भगवान को नहीं बख्शा, वह किसको बख्शेंगे। प्रधानमंत्री जी, शायद शिवराज सरकार की तरफ इशारा कर रहे थे। गलती से बात कांग्रेस की कर रहे थे।

कांग्रेस के लोहे से देश का निर्माण हुआ- पीएम द्वारा कांग्रेस को जंग लगा लोहा बताने पर सुरजेवाला ने कहा- कांग्रेस का लोहा मजबूत है। कांग्रेस के लोहे ने इस देश को बनाया है मजबूत किया है। इस देश की संरचना की है। हमें चीन से लोहा लाकर मूर्तियां बनाने की जरूरत नहीं पड़ती। कांग्रेस ने कुबार्नी के लोहे से इस देश को सींचा है, सींचा था और सींचती रहेगी।

जन आक्रोश यात्रा में पटवारी के सामने हंगामा

कांग्रेस नेत्री को मंच पर जाने से रोका, विधायक के बेटे और भाई पर रेप पीड़िता को धमकाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। बड़नगर में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के सामने जमकर हंगामा हुआ। कार्यक्रम में शामिल बड़नगर विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती को मंच पर चढ़ने नहीं दिया गया। युवती ने आरोप लगाया कि विधायक, उनके बेटे और भाई के साथ-साथ उनके समर्थकों ने अश्लील हरकत की और गंदी-गंदी गालियां भी दी। जिसके बाद उन्हें कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा। जन आक्रोश यात्रा बड़नगर पहुंची थी। यहां पर कई जगह रैली के स्वागत के बाद बस स्टैंड के पास सभा का आयोजन किया गया, लेकिन आयोजन में उस समय हंगामा मच गया। जब यूथ कांग्रेस की प्रदेश महासचिव मंच पर जाने लगी। इस दौरान विधायक मुरली मोरवाल सहित उनके बेटे करण मोरवाल, शिवम मोरवाल और भाई इन्दर मोरवाल ने युवती को जाने से रोक दिया।

गोवा के स्वास्थ्य मंत्री भस्म आरती में शामिल हुए

उज्जैन। गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने सोमवार को बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल से बाबा महाकाल की आरती देखी और उसके बाद बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया। पूजन पं. आकाश गुरु द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, गोवा की जनता उनके मन की चिंता दूर हो और देश के साथ ही गोवा राज्य की प्रगति हो ऐसी मेरी बाबा महाकाल से प्रार्थना की है।

संपादकीय

खुद गंभीर नहीं

दुनिया के सामने कई नए खतरे पैदा हो रहे हैं। सबसे भयावह तो जलवायु परिवर्तन की वजह से पैदा खतरा है। हर साल जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन होता है, उसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के संकल्प दोहराए जाते हैं, मगर विकसित देश खुद इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आते। पिछली बार कार्बन उत्सर्जन करने वाले देशों पर मुआवजे का प्रस्ताव आया, तो वे उस पर चुप्पी साध गए। यह छिपी बात नहीं है कि दुनिया के संपन्न देश कमजोर देशों की तरक्की में बाधा बनते रहे हैं। उन्होंने हर वैश्विक मामले में अपना दबदबा कायम कर रखा है। इसकी वजह से दुनिया में कई तरह के असंतुलन दिखाई देते हैं। भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर यह बात दोहराई कि जो देश प्रभावशाली स्थिति में हैं, वे बदलाव का विरोध करते हैं। जयशंकर अनेक मंचों पर पश्चिम के दोहरे रवैये पर खुल कर बोल चुके हैं। इस बार उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य मंचों का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक उत्तर के देश बदलाव के पक्ष में नहीं दिखते। जिनका आर्थिक प्रभुत्व है, वे अपनी उत्पादन क्षमता का लाभ उठा रहे हैं और जिनके पास संस्थागत शक्ति है, वे कई तरह की क्षमताओं का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह वैश्विक दक्षिण के देश अपनी क्षमताओं का पूरी तरह प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। वैश्विक उत्तर का अर्थ उन संपन्न देशों से है जिनमें उत्तरी अमेरिका, यूरोप, इजराइल, जापान, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। दक्षिण देशों में मुख्य रूप से एशिया और लातिनी अमेरिका के देश शुमार हैं, जिन्हें विकासशील देश कहा जाता है। इनमें भारत अगुआ है। हालांकि वैश्विक उत्तर के देश वैश्विक दक्षिण के देशों की क्षमताओं से अपरिचित नहीं हैं। जब उन्हें लगने लगा कि बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकासशील कहे जाने वाले देशों को अलग-थलग रख कर विकास की इबारत नहीं लिखी जा सकती, तब उन्होंने जी-7 का विस्तार करते हुए जी-20 का गठन किया था। इस बार दिल्ली में हुए जी-20 के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को भी शामिल कर लिया गया। इस मौके पर दावा किया गया कि वैश्विक दक्षिण के देश ही आने वाले वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई तस्वीर खींचेंगे। मगर इन देशों के पास बड़ा बाजार, सस्ता श्रम और उत्पादन की विशाल संभावनाएं होने के बावजूद विकसित कहे जाने वाले देशों के दोहरे रवैये की वजह से अपना पूरा योगदान देने में सक्षम नहीं हो पा रहे। विकसित देशों के हाथ में संयुक्त राष्ट्र की कमान है। सुरक्षा परिषद का विस्तार वे करना नहीं चाहते, इस तरह वे अपने निहित स्वार्थों के मुताबिक कमजोर देशों को दबाए रखने में सफल हो जाते हैं।



Quote...

"Don't judge each day by the harvest you reap but by the seeds that you plant."
-Robert Louis Stevenson

|| रामकथा || || मानस मंदिर ||
गुजराती से हिंदी अनुवाद

देह मंदिर का पुजारी कौन ?....

संकल्प विकल्प करता हमारा मन ..... जैसे पुजारी होते हैं मंदिर में बारी-बारी से सेवा में ...वैसे संकल्प और विकल्प ये हमारे शरीर रूपी मंदिर के पुजारी हैं....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Health is Wealth

क्या गर्भनिरोधक गोलियां खाना वाकई में है सेफ?

खाने से पहले जानिए

दुनिया की जनसंख्या तेज रफ्तार से बढ़ रही है। ऐसे में इसे रोकने के लिए तमाम सरकारें और कई वैश्विक संस्थाएं लगातार लोगों को जागरूक कर रही हैं। यही वजह है कि हर साल 26 सितंबर को 'विश्व गर्भनिरोधक दिवस' मनाया जाता है। कई रिपोर्ट्स से ये पता चलता है कि बड़ी संख्या में लोग कॉन्ट्रासेप्टिव का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे में अनचाही प्रेग्नेंसी से बचने के लिए वह गर्भनिरोधक दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, इसे खाने से पहले हर किसी के मन में ये सवाल रहता है कि क्या कॉन्ट्रासेप्टिव दवाओं का इस्तेमाल करना सेफ होता है। ऐसे में यहां जानते हैं कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स से जुड़ी बातों के बारे में।

◆ क्या सेफ है कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स खाना ?

कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स दो तरह की होती हैं। एक नॉर्मल और दूसरी इमरजेंसी। ज्यादातर लोग इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बिना करते हैं, जो खतरनाक हो सकता है। इमरजेंसी पिल्स को लाइफ में एक या दो बार से ज्यादा नहीं लेना चाहिए, अगर बारा-बार इन दवाओं को लेते हैं तो इसके साइड इफेक्ट हो सकते हैं। वहीं गर्भनिरोधक दवाओं का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बगैर नहीं करना चाहिए।

इन बदलावों पर रखें नजर

रिपोर्ट्स की मानें तो गोली लेने वाले ज्यादातर लोगों को कोई भी समस्या नहीं होगी। लेकिन किसी मामले में परेशानी हो सकती है, ऐसे में दवा खाने के बाद इन लक्षणों पर ध्यान दें।

- पसीना या सांस लेने में परेशानी के साथ अचानक पीठ/जबड़े में दर्द
- सीने में दर्द या बेचैनी
- पैर में दर्द
- सांस लेने में तकलीफ
- पेट में तेज दर्द
- सिरदर्द
- त्वचा या आंखों का पीला पड़ना

Highlights

1. BJP fields 3 Union Ministers for upcoming Madhya Pradesh elections
2. Govt warns of fake Digital India jobs, shares offer letter's pics
3. PM Modi wishes Manmohan Singh on his 91st birthday
4. Farmers organisations take out bike rally in K'taka amid bandh
5. Sanatana Dharma critics' effigies to be burnt in Delhi on Dussehra
6. Biden raised Khalistani terrorist Nijjar's killing with PM Modi at G20 Summit: Report

Moody's opinion on Aadhaar 'baseless', lacks evidence and basis: Govt

NEW DEIHI, (Agency). Taking strong exception to Moody's Investors Service's views, which questioned Aadhaar workability, the Central government on Monday said that the report is prepared "without citing any evidence or basis" and that it is baseless.

Ministry of Electronics & IT in a press release said that the Aadhaar is the foundational Digital Public Infrastructure (DPI) of the India stack and that over a billion Indians trust it. "A certain investor service has, without citing any evidence or basis, made sweeping assertions against Aadhaar, the most trusted digital ID in the world. Over the last decade, over a billion Indians have expressed their trust in Aadhaar by using it to authenticate themselves over 100 billion times. To ignore such an unprecedented vote of confidence in an identity system is to imply that the users do not understand what is in their own interest," the Ministry of Electronics & IT said in the press note.

"The report in question does not cite either primary or secondary data or research in support of the opinions presented in it. The investor service did not make any attempt to ascertain facts regarding the issues raised by the Authority. The sole reference cited in the report is in respect of the Unique Identification Authority of India (UIDAI), by referring to its website. However, the report incorrectly cites the number of Aadhaars issued as 1.2 billion, although the website prominently gives the updated numbers," it read.

"The report avers that the use of biometric technologies results in service denials for manual laborers in India's hot, humid climate, an obvious reference to India's Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS). However, it is evident that the authors of the report are unaware that the seeding of Aadhaar in the MGNREGS database has been done without requiring the worker to authenticate using their biometrics, and that even payment to workers under the scheme is made by directly crediting money in their account and does not require the worker to authenticate using their biometrics. The report ignores that biometric submission is also possible through contactless means like face authentication and iris authentication.

'Not the way': RBI finds 'excessive dominance' by 1-2 board members even in big banks

MUMBAI, (Agency). Reserve Bank Governor Shaktikanta Das has said the central bank has noticed "excessive dominance" by one or two board members even in "big commercial banks" and asked the lenders to desist from such practices.

Board discussions have to be free, fair and democratic, Das said, addressing directors of Urban Cooperative Banks (UCBs) at a meeting organised by the Reserve Bank of India (RBI) here.



The governor delivered the speech on August 30 and the video was uploaded by the RBI on YouTube on Monday. "There should not be an over-dominance or excessive dominance by one or two members of the board, or the chairman or the vice-chairman. We have seen this even in big commercial banks... wherever we have seen this, we have told the bank that this is not the way," he said. He said all directors need to be given a chance to speak and a particular director's say should not be the final one on a matter. The governor, who made the point while illustrating the importance of a well-functioning board, however, did not elaborate further. In the past, the Indian banking system has witnessed problems at the promoter-led YES Bank, which had to be bailed out in an SBI-led initiative, which was supported by the RBI and the government. YES Bank Co-Founder Rana Kapoor, who was also its Chief Executive and Managing Director, was arrested in connection with the irregularities at the bank.

Manipur

मणिपुर हिंसा: दो लापता छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल, राज्य सरकार ने कहा- CBI के पास मामला

इंफाल, (एजेंसी) मणिपुर में चार से अधिक महीने से हिंसा जारी है। इस बीच, सोशल मीडिया पर जुलाई में लापता दो छात्रों के शवों की तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं। इस पर राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मणिपुर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मामला पहले ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है। दोनों छात्रों की पहचान 17 वर्षीय हिजाम लिंथोइंगाम्बी और 20 वर्षीय फिजाम हेमजीत के रूप में हुई है।

बयान में कहा गया, 'राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि जुलाई में लापता दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस मामले को पहले ही सीबीआई को सौंप दिया गया है।' बता दें, सोशल

मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में दो छात्र एक सशस्त्र समूह के अस्थायी जंगल शिविर के घास वाले परिसर में लेटे दिखाई दे रहे हैं।

राज्य सरकार ने कहा कि मणिपुर पुलिस केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से सक्रिय रूप से मामले की जांच कर रही है ताकि छात्रों के लापता होने की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। साथ ही अपराधियों की पहचान की जा सके। आगे कहा गया कि सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है।

गौरतलब है, मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 170 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

Karnataka

कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल के बयान पर बवाल

भाजपा की आलोचना करते हुए कहा- ये लोग राम मंदिर पर बम गिराएंगे और मुस्लिमों को बता सकते हैं दोषी

बेंगलुरु, (एजेंसी) कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बीआर पाटिल के एक बयान से बवाल हो गया है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि ये लोग राम मंदिर पर बम फेंक सकते हैं और उसका दोषी मुस्लिम समाज के लोगों को बता सकते हैं। इसके जरिए इनकी कोशिश होगी कि हिंदू वोटों को एकजुट करके लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर ली जाए। कांग्रेस विधायक के इस बयान वाले वीडियो को कर्नाटक भाजपा ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर शेयर किया है। भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस हाईकमान से माफी की मांग की है।

यही नहीं पार्टी ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर को नुकसान पहुंचाकर हिंदू और मुसलमानों को लड़ाना चाहती है। फिर उसका दोष सरकार पर मढ़ने की तैयारी है। भाजपा की ओर से शेयर वीडियो में कांग्रेस विधायक को कन्नड़ में बोलते सुना जा सकता है। वह कहते हैं, 'अगले लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत के लिए भाजपा राम मंदिर पर बम गिरवा सकती है। फिर इसका दोष मुसलमानों पर लगाकर हिंदुओं को एकजुट करने की कोशिश करेगी।'

Bihar

नई दुकान खोली, पार्टी करने आए दोस्तों ने ही कर लिया किडनैप, परिवार से मांगे 20 लाख

मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) बिहार के मुजफ्फरपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक शख्स ने दुकान खोलने की खुशी में अपने दोस्तों को पार्टी दी। उसी पार्टी में दोस्तों ने उसका अपहरण कर लिया और उसके परिजनों से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने लगे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद सिर्फ 3 घंटे में पुलिस ने अगवा किए गए व्यवसायी के बेटे को सकुशल बरामद कर लिया. दरअसल जिले के करजा थाना क्षेत्र में सराफा कारोबारी मनोज कुमार के 25 साल के बेटे अंशु कुमार ने श्री गणेशाय नमः नाम से अपनी नई दुकान खोली थी. दुकान खोलने की खुशी में अंशु के दोस्त राहुल और अन्य ने उससे पार्टी मांगी. जब अंशु ने दोस्तों के लिए पार्टी का आयोजन किया तो राहुल ने ही उसका अपहरण कर लिया.

New Delhi

कातिल दोस्त : नहीं चला पा रहा था घर का खर्च तो दोस्त का किया अपहरण, हत्या करने के बाद मांगी दो लाख की फिरौती

नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में पुलिस ने अपहरण के बाद हत्या की गुत्थी को सुलझा दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल दो आरोपियों में से एक आरोपी को राजस्थान के गंगानगर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर मृतक का शव बेहटा हाजीपुर रेलवे स्टेशन (गाजियाबाद) पास झाड़ियों से बराबद किया है। बताया जा रहा है कि तीनों अच्छे दोस्त थे।

दिल्ली के करावल नगर में रहने वाली गीता चौधरी पुत्री धर्मवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 19 सितंबर शाम साढ़े पांच बजे उसका भाई नितिन (22) घर से बिना बताए चला गया। 20 सितंबर को सुबह लगभग 10.23 बजे उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया, जिसमें फोन करने वाले ने उसे सूचित किया कि उसके भाई का अपहरण कर लिया गया है और दो रुपये का भुगतान करने के बाद ही उसे छोड़ा जाएगा। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने नितिन के दोस्त सचिन को गिरफ्तार किया।

खेल

Asian Games : हॉकी में भारतीय टीम की बड़ी जीत, भारत ने सिंगापुर को 16-1 से हराया

नई दिल्ली, (एजेंसी) हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने सिंगापुर के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की है। भारत ने यह मैच 16-1 के अंतर से अपने नाम किया। इससे पहले टीम इंडिया ने उजबेकिस्तान के खिलाफ 16-0 के अंतर से जीत हासिल की थी। भारत का अगला मैच जापान के साथ है।

पहले मैच में उजबेकिस्तान को 16:0 से हराने वाली भारतीय टीम के लिये हरमनप्रीत ने चार (24वां, 39वां, 40वां, 42वां मिनट), मनदीप ने तीन (12वां, 30वां और 51वां), वरूण कुमार ने दो (55वें मिनट में), अभिषेक ने दो (51वां और 52वां) वी एस प्रसाद (23वां), गुरजंत सिंह (22वां), ललित उपाध्याय (16वां), शमशेर सिंह (38वां) और मनप्रीत सिंह (37वां) ने गोल दागे। सिंगापुर के लिये एकमात्र गोल मोहम्मद जकी बिन जुल्करनैन ने दागा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिये यह एक बार फिर बेमेल मुकाबला था क्योंकि सिंगापुर विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर है। भारत को अब पूल ए के अगले लीग मैच में 28 सितंबर को जापान से खेलना है।

सिनेमा

रजनीकांत नहीं साउथ का यह एक्टर था 'जेलर' के लिए मेकर्स की पहली पसंद, जानिए फिर कैसे पलटा गेम

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' ने बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई की है। यह दूसरी सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली फिल्म बन चुकी है, और रजनीकांत को लंबे वक्त बाद कोई इतनी बड़ी हिट मिली है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रजनीकांत से पहले डायरेक्टर नेल्सन दिलीपकुमार ने किसी और एक्टर को इस रोल के लिए फाइनल किया था। जबरदस्त एक्शन से भरपूर इस फिल्म के लिए मेकर्स साउथ के ही एक बड़े हीरो को कास्ट करना चाहते थे।

जानकारी के मुताबिक नेल्सन इस किरदार के लिए चिरंजीवी को हायर करना चाहते थे। खबर के मुताबिक चिरंजीवी ने इस फिल्म में काम करने के लिए खास एक्साइटेड नहीं थे, क्योंकि उनके मुताबिक इस फिल्म में कोई गाना या फिर डांस नंबर नहीं था। मालूम हो कि चिरंजीवी अपनी फिल्म में इस तरह के एलीमेंट्स के साथ आने के लिए जाने जाते हैं। यही वजह थी कि उन्होंने इस फिल्म में काम करने से अप्रत्यक्ष तौर पर मना कर दिया।

खबरों के मुताबिक चिरंजीवी ने इस रोल को करने से सीधे तौर पर मना नहीं किया था, बल्कि उन्होंने बात बीच में ही लटका दी। उन्होंने निर्देशक नेल्सन से कहा, 'इसे बाद में देखते हैं।' यही वो वक्त था जब सुपरस्टार रजनीकांत पिक्चर में आए। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक कंफर्मेशन किसी की तरह से नहीं किया गया है लेकिन सोशल मीडिया पर सूत्रों के हवाले से यही बात कही जा रही है।

राष्ट्रपति के लिए रहेगी कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था

चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दो दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव में 27 सितंबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। करीब 550 पुलिसकर्मी कार्यक्रम स्थल के आसपास चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। वहीं राष्ट्रपति के इंदौर आगमन के बाद सभी मार्गों पर भी पुलिस की विशेष निगाह रहेगी। 26 सितंबर से होने वाले दो दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव के लिए सोमवार से अतिथियों के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया है। आयोजन में देश की सौ स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को ही बुलाया गया है। 27 सितंबर को कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए चार से अधिक आइपीएस अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं करीब 550 पुलिसकर्मी हर जगह तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लिए अन्य जिलों से भी पुलिस बल बुलवाया गया है। कार्यक्रम स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के चारों ओर पुलिस का पहरा रहेगा। आसपास की बिल्डिंग पर भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सोमवार को डाग स्क्वाड की टीम ने स्थल की एक-एक जगह की जांच की है। साथ ही यहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की रिहर्सल भी करवाई गई।

लेक्चरार सहित चार लोगों पर हमले करने वाले पकड़ाए

◆सीसीटीवी फुटेज देखकर पुलिस ने किया आरोपियों का पीछा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार रात से सोमवार अलसुबह तक एक के बाद एक चाकूबाजी की सीरियल वारदातें करने वाले दो बदमाशों को भंवरकुआ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एक बदमाश अभी भी फरार है। आरोपी चंदन नगर इलाके के रहने वाले हैं। उन्होंने ही डीएवीवी के लेक्चरर सहित चार थाना इलाकों में चाकूबाजी की वारदातें की थी।

कनाडिय़ा और आजाद नगर पुलिस को वारदातों की जानकारी मिली। वहीं दो थानों की पुलिस लगातार आरोपियों का पीछा कर रही थी। बताया जाता है कि आरोपी नशा करने के आदी हैं। उन्होंने शौक पूरा करने के लिए सडक़ चलते लोगों पर हमला करने की बात कबूली है।

भंवरकुआ इलाके में सोमवार सुबह चार बजे के लगभग एप्पल अस्पताल के पास आदर्श पुत्र रवि गुप्ता निवासी निवासी सत्कार बॉयज होस्टल मैकेनिक नगर को नूर होटल के सामने बाइक सवार तीन बदमाश चाकू मारकर भाग निकले। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा रात में आरोपियों की जानकारी निकालते रहे। उनकी लोकेशन पर भंवरकुआ और रावजी बाजार टीम चंदन नगर इलाके में पहुंची। यहां से दो आरोपी अहमद और अरुण को हिरासत में ले लिया। भंवरकुआ पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

आरोपियों ने लेक्चरर दिलीप पुत्र रामअवतार पर भी रविवार रात आरटीओ रोड की वाईन शॉप के यहां चाकू से हमला किया था। इस मामले में लगातार अन्नपूर्णा पुलिस की टीम आरोपियों के पीछे लगी थी। जिसमें टीम को जानकारी मिली कि सुबह चार बजे के लगभग भंवरकुआ में भी इसी तरह की वारदातें हुई हैं।

वहीं इन बदमाशों ने कनाडिय़ा से पलासिया के बीच भी युवक को चाकू मारे। वहां से आजादनगर, अन्नपूर्णा इलाकों में वारदातें करते हुए चंदन नगर चले गए थे। अफसर इस मामले में दोपहर तक मामले का खुलासा करेंगे। आरोपियों के तीसरे साथी की तलाश की जा रही है।

642 मोबाइल पकड़ाने के बाद लगातार बढ़ रही आरोपियों की संख्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रावजी बाजार पुलिस 642 मोबाइल बरामद करने के मामले में जल्द ही आरोपियों की संख्या बढ़ाएगी। मामले में पकड़े गए टिंकू उर्फ मोहित और वरुण ने रिमांड के दौरान अन्य साथियों के नाम कबूले हैं। इसमें जेल रोड की एक मोबाइल दुकान पर काम करने वाले असलान का नाम भी सामने आया है।**

मोबाइल रैकेट के सरगना जितेंद्र वासवानी की गिरफ्तारी के बाद से असलान फरार है। उसकी लोकेशन अभी राजस्थान मे मिली है। क्राइम ब्रांच जितेंद्र के फ्लैट से मोबाइल बरामद कराने वाले शुभम की भी सरगर्मी से तलाश में जुटी है। इस मामले में करीब आधा दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी होना है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने 642 मोबाइल की जांच आगे बढ़ाते हुए दो मुख्य सरगना जॉनी उर्फ जितेन्द्र वासवानी और उसके साथी टिंकू उर्फ मोहित और वरूण के साथ एक अन्य साथी जीतू को पकड़ा है। इस मामले में असलान शेख और शुभम की गिरफ्तारी होना बाकी है। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में टिंकू ने असलान का नाम बताया था। वह पुलिस के लिए मुखबिरी का काम भी करता है। जेल रोड पर एक मोबाइल दुकान पर काम करने वाला असलान ट्रक कटिंग के मोबाइल टिंकू को देता है। जिसे टिंकू ठिकाने लगाने के लिए व्यापारी जॉनी को देता था। असलान को पकडऩे के लिए क्राइम ब्रांच ने दबिश दी थी। लेकिन उसे जानकारी लग गई। इसके बाद वह राजस्थान भाग गया। यहां पहुंचकर उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

देवास के कंजर को पकड़ा, अफसरों तक पहुंची बात

असलान के क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों से जुड़े होने की बात भी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच के सिपाही ने उसकी मदद से देवास के कंजर गिरोह के मेंबर अंकुश हाड़ा को पकड़ा था। क्राइम ब्रांच ने उससे 36 मोबाइल और कार जब्त किए। लेकिन अंकुश हाड़ा को छोड़ दिया था। क्राइम ब्रांच के अफसरों तक जब यह बात पहुंची तो उन्होंने इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों को लेकर जांच बैठाई है।

मोबाइल पकड़ाने वाले शुभम की तलाश

जॉनी के यहां रावजी बाजार पुलिस ने शुभम को ले जाकर दबिश दी थी। शुभम ने ही जॉनी का ठिकाना बताया। लेकिन शुभम के पहुंचने के पहले जॉनी ने अपने भाई प्रिंस को शुभम के पकड़ाने की जानकारी दे दी। इसके बाद प्रिंस अपने एक साथी के साथ माल ठिकाने लगाने पहुंचा। जब क्राइम ब्रांच अंदर घुसी तो सिपाही प्रिंस और उसके साथी के पीछे भागे। इस बीच शुभम मौका देखकर फरार हो गया। क्राइम ब्रांच शुभम की जानकारी निकालने में लगी है। उससे और जानकारी मिल सकती है।

मुंबई पुलिस कर सकती है पूछताछ

इंदौर क्राइम ब्रांच ने जॉनी के यहां से जो माल जब्त किया था, उसमें अधिकतर माल मुंबई का है। क्राइम ब्रांच ने जब इस मामले में जानकारी निकाली तो मुंबई पुलिस से बात हुई। मुंबई पुलिस मोबाइल को लेकर जॉनी से पूछताछ करने इंदौर आ सकती है। सोमवार को टिंकू को कोर्ट में पेश किया गया। इधर जॉनी 27 सितंबर तक रिमांड पर है।

भोपाल में हुई मूर्तियां चोरी इंदौर जैन समाज में रोष

◆जैन समाज की मांग जल्द दिलाए भगवान की मूर्तियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजधानी भोपाल में एयरपोर्ट रोड स्थित वर्धमान नगर के दिगंबर जैन मंदिर में चोरों में वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से भगवान की तीन मूर्तियों सहित चांदी का छत्र, सिंहासन, कलश आदि समान लेकर भाग निकले। इस घटना से भोपाल के साथ ही पूरे प्रदेश के जैन समाज में रोष व्याप्त है।

दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व चल रहे है। जैन मंदिरों में चहल पहल भी है। रविवार को धूम दशमी का पर्व होने के कारण रात 11 बजे तक लोग वर्धमान नगर स्थित जैन मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे मंदिर बंद किया गया था। सोमवार सुबह जब लोग मंदिर में पूजा अर्चना को पहुंचे तो मंदिर के ताले टूटे थे और मंदिर की वेदी पर विराजमान तीनों मूर्तियां भगवान गायब थी। पर्युषण पर्व के दौरान सभी जैनों का नियम रहता है कि पूजन अभिषेक के बाद ही जल ग्रहण करते हैं। मंदिर से भगवान की मूर्तियां चोरी होने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। महिलाएं अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठ गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुभाष जैन काला और भोपाल दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन बांगा समाजजन के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। वहीं इस घटना को लेकर इंदौर नगर दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद ने इसकी निंदा की। दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, सुशील पांड्या, डॉ जैनेन्द्र जैन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, परवार समाज के अध्यक्ष राजेश लारेल, परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष मुक्ता जैन, सारिका जैन, हंसमुख गांधी, राजेश जैन दद्दू, टीके वेद, संजीव जैन आदि समाजजन ने सरकार से और पुलिस प्रशासन से इस चोरी की घटना का जल्द से जल्द पता लगाने और चोरों को पकड़ कर श्रीजी की प्रतिमाएं वापस दिलवाने की मांग की है। प्रतिमाएं जल्द नहीं मिलने पर जैन समाज ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

डॉक्टर से विवाद, युवक घायल

इंदौर। बाणगंगा इलाके में एक डाक्टर से विवाद के दौरान बीच बचाव करने आए एक युवक पर आरोपी ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। डॉक्टर विशेष पिता संतोष सोनी, निवासी बड़वानी हाल मुकाम एमराल्ड सिटी की शिकायत पर सागर ठाकुर,हार्दिक मालवीय,रोहित ठाकुर के खिलाफ हमले का केस दर्ज किया है। डॉक्टर के मुताबिक आरोपी उनके दोस्त विशाल खरे से गाली गलौज कर रहे थे। उन लोगों को रोका तो आरोपी अपनी कार से बेसबाल का बैट और डंडा निकालकर लाए और हमला बोल दिया।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।